दंतेश्वरी माँ की आरती

ॐ दंतेश्वरी माता, मैय्या जय दंतेश्वरी माता
शरणागत की रक्षक, शरणागत..., रिद्धि–सिद्धि दाता ॐ दंतेश्वरी...
पावन छवि विराजत श्यामणि गौरी मैय्या श्यामणि गौरी
रजत स्वर्ण आभूषण, रजत..., भाल मुकुट धारी ॐ दंतेश्वरी...
शक्ति सती कल्याणी–भव संताप हरे मैय्या भव संताप हरे
दंतेश्वरी भवानी नाम अनेक धरे मैय्या नाम अनेक धरे ॐ दंतेश्वरी...
मंगल ज्योति कलश की जगमग जोत जले मैय्या जगमग जोत जले
तनमन करे प्रकाशित तनमन.... जगदम्बे अमले ॐ दंतेश्वरी...
दानव देव मनुज संग सेवक संग प्राणी मैय्या सेवक संग प्राणी
देवी त्रिभुवन व्यापी, देवी... जग की महारानी ॐ दंतेश्वरी...
डंकिनी शंकिनी संगम चरण चिन्ह गहरा, मैय्या चरण चिन्ह गहरा
भानेश्वरी बनजारिन भानेश्वरी बनजारिन भैरव का पहरा ॐ दंतेश्वरी...
द्वय नवरात्रि जो सेवक दर्शन को आवे मैय्या दर्शन को आवे
पूर्ण मनोरथ होकर, पूर्ण मनोरथ होकर, सुख सम्पत्ति पावे ॐ दंतेश्वरी...
दंतेश्वरी माता की आरती सुखकारी, मैय्या आरती सुखकारी...
करूणामयी शिवानी, करूणामयी शिवानी, भव–भय दुःखहारी ॐ दंतेश्वरी...
वामन अति अज्ञानी जप–तप विधि बिसरी, मैय्या जप तप विधि बिसरी
केवल करे समर्पित, केवल करे समर्पित भाव अंजुरी ॐ दंतेश्वरी....
ॐ दंतेश्वरी माता मैय्या जय दंतेश्वरी माता
शरणागत की रक्षक, शरणागत....,रिद्धि–सिद्धि दाता ॐ दंतेश्वरी...